**<u>लाफार्जहोलसिम की वार्षिक आम बैठक के अवसर पर संयुक्त वक्तव्य</u>**
**May 12, 2020**

हम, बिल्डिंग एंड वुड वर्कर्स इंटरनेशनल (बी डब्ल्यू आई) , इंडस्ट्रीऑल ग्लोबल यूनियन और यूरोपियन फेडरेशन ऑफ़ बिल्डिंग एंड वुड वर्कर्स (ई ऍफ़ बी डब्ल्यू डब्ल्यू ) , 62 मिलियन सदस्यों के साथ जिसमे दुनिया के विभिन्न देशो में लाफार्जहोलसिम के वर्कर्स शामिल है ।

इस समय में, हमारा मानना है की लाफार्जहोलसिम को रोजगार, आय और उन सभी के स्वास्थय और सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए जो दुनिया भर में उनके लिए काम करते है।

हम इस बात पर जोर देते है कि सामूहिक सौदेबाजी समझौतों, राष्ट्रीय कानूनों और राष्ट्रीय सार्वजनिक प्राधिकरणों की सिफारिशें पूर्ण रूप से सम्मानित हो और उचित रूप से क्रियान्वित हो। यह विशेष रूप से व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य उपायों पर लागू होता है, विशेषकर कोविड-19 के लिए उपाय, काम के घंटे और वेतन या मज़दूरी की क्षतिपूर्ति।

हम मानते है कि प्रत्येक देश में स्वास्थ्य आपातकाल की अवधि के लिए, लाफार्जहोलसिम को गैर-आवश्यक संचालन बंद करना चाहिए और अपने कार्यगतिविधियों में आवश्यक सेवाओं से जुड़े श्रमिकों की कोविड– 19 से रक्षा करनी चाहिए। गैर-आवश्यक सेवाओं से जुड़े श्रमिकों को वेतन और रोजगार की सुरक्षा के साथ अवकाश देना चाहिए।

इसके अलावा, कई देशों में कार्यस्थल की वापसी के रूप में, कोविड-19 की एक नई लहर को रोकने के लिए सभी श्रमिकों के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

हम मानते है कि लाफार्जहोलसिम को इस महामारी के दौरान अत्यधिक लाभांश का भुगतान नहीं करना चाहिए, और निदेशक बोर्ड के प्रस्तावों को गैर-जिम्मेदाराना मानता है- खासतौर से निम्न लिखित वितरण:

- लाभांश में 1,288 मिलियन CHF का वितरण, जबकि दूसरी ओर सार्वजनिक प्राधिकरणों से वित्तीय सहायता प्राप्त करना।
- निदेशक बोर्ड के सदस्यों के लिए 5,400,000 CHF की क्षतिपूर्ति
- कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए 42,500,000 CHF की क्षतिपूर्ति

हमारा मानना है की लाफार्जहोलसिम कंपनी को अपने पास बड़ी राशि बचा के रखनी चाहिए न केवल इसलिए कि उसके वित्तीय स्वास्थ्य (तरलता और इक्विटी पूंजी का स्तर) की गारंटी हो, बल्कि इसलिए भी

ताकि अपने श्रमिकों और सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों के लिए अपने दायित्वों को पूरा करने में सक्षम हो सके। श्रमिकों और जनता की सुरक्षा के लिए, अस्पताल और स्वास्थ्य अवसंरचना के लिए इन सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों की तत्काल आवश्यकता है।

शेयरधारकों को इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि उन श्रमिकों को जिन्हे घर पर रहने की आवश्यकता है जो 2020 तक और 2021 के लिए अपने मूल वेतन को प्राप्त करने के लिए अपने सभी उपलब्ध वार्षिक अवकाश का उपयोग करने के लिए बाध्य किया जा रहा है। ठेकेदारों के द्वारा नियुक्त किये गए कर्मचारियों को लाफार्जहोलसिम से कोई सहयोग नहीं मिल रहा है।शेयरधारकों को आगे इस बात की जानकारी भी होनी चाहिए कि लाफार्जहोलसिम कंपनी के श्रमिक कम वेतन पाने वाले श्रमिक हैं। उदाहरण के लिए, भारत में, सीमेंट उद्योग के लिए 2019 में न्यूनतम मजदूरी दर एक सप्ताह में 6 दिनों में 48- घंटे काम करने के लिए प्रतिमाह निम्नलिखित है:

- अकुशल श्रमिक 5,750 INR कमाते हैं, जो प्रतिमाह 73 CHF, 876 CHF प्रतिवर्ष है।
- अर्ध-कुशल कमाई 6,325 INR है, जो कि प्रतिमाह 81 CHF, 972 CHF प्रतिवर्ष  है।
- कुशल श्रमिक 7,000 INR कमाते हैं, जो कि प्रतिमाह 89 CHF, 1,068 CHF प्रतिवर्ष है।

हमें भरोसा है कि लाफार्जहोलसिम और इसके शेयरधारक इस बात से सहमत होंगे कि COVID-19 संकट के दौरान सामूहिक सौदेबाजी समझौतों का सम्मान किया जाना चाहिए। ऐसा करने में विफल होने पर कई देशों में लाफार्ज और होलसिम द्वारा कई वर्षों से स्थापित सम्मानजनक औद्योगिक संबंधों को खतरा है।

इसके अलावा, हम भरोसा करते हैं कि शेयरधारक सहमत होंगे कि लाफार्जहोलसिम को सीबीए के सम्मान के लिए विश्व-व्यापी मानव संसाधन प्रबंधकों को स्पष्ट नेतृत्व देना चाहिए, सीधे कार्यरत और अनुबंधित श्रमिकों के वेतन का भुगतान, रोजगार की सुरक्षा, और कोविड-19 का मुकाबला करने के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा के उपाय करने चाहिए। अर्थात्-

- वायरस के प्रसार से बचने के लिए गैर-आवश्यक संचालन को बंद करना।
- आवश्यक सेवाओं के लिए, यह सुनिश्चित करने के लिए एक जोखिम मूल्यांकन किया जाये कि कार्यगतिविधियों को सुरक्षित रूप से किया जा सकता है। यदि नहीं, तो उन कार्य गतिविधियों को निलंबित कर दिया जाना चाहिए।
- कार्यस्थल में वायरस के प्रसार को रोकने के लिए जोखिम मूल्यांकन में पहचाने गए सभी रोकथाम के उपायों को लागू करे।
- कम से कम 2 मीटर की शारीरिक दूरी, मशीनरी उपकरणों और सतहों को कीटाणुरहित करना, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण किट का प्रावधान; कैंटीन सुविधाओं में बदलाव, शौचालय और धुलाई सुविधाओं में वृद्धि, हाथ सेनिटाइजर का प्रावधान।
- श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण और रोकथाम के उपायों का प्रबंध करना।
- सुनिश्चित करें कि कमजोर श्रमिकों (विशेष रूप से श्वसन रोग वाले लोग) की पहचान की जाये और उनकी रक्षा की जाये

- श्रमिकों को लक्षणों के प्रति सचेत करने के लिए प्रशिक्षित करें, और हर बार नयी शिफ्ट की शुरुआत से पहले सभी श्रमिकों के तापमान की जांच करें
- श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण और रोकथाम के उपायों का प्रबंध करना
- जिन श्रमिकों को घर पर रहने की आवश्यकता है उनके लिए इस संकट के दौरान आयकी सुरक्षा और रोजगार सुनिश्चित करें।
- ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं को समान उपायों को लागू करने में सहयोग करे
- श्रमिकों के अधिकार का सम्मान करना और श्रमिकों के हक़ की सुरक्षा करें ताकि वो खतरनाक स्तिथियों में काम करने को मना कर सकें
- लाफार्जहोलसिम को कोलंबिया, मैक्सिको, जॉर्डन और फिलीपींस में एसोसिएशन और सामूहिक सौदेबाजी की स्वतंत्रता जैसे मौलिक श्रमिकों के अधिकारों के उल्लंघन को रोकना चाहिए।
- यूरोपियन वर्क्स काउंसिल और साथ ही लाफार्जहोलसिम ग्लोबल यूनियन नेटवर्क के सक्रिय भागीदारी के माध्यम से दुनिया भर के श्रमिकों पर कोविड-19 के प्रभाव और नकारात्मक प्रभाव को कम करने वाले व्यापार संघों के साथ औद्योगिक संबंधों और परामर्श को मजबूत करें। स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति के क्रम में कार्रवाई और उपायों के विकास में समूह की निगरानी और समर्थन जारी रखने के लिए EWC का स्वास्थ्य और सुरक्षा कार्य समूह जारी रखने के लिए एक स्पष्ट और समन्वित तरीके से गतिविधियों को फिर से शुरू करने की अनुमति देता है।

**<u>श्रमिकों के अधिकारों का सम्मान करे- लोगो को मुनाफे से पहले रखे ।</u>**


| | | |
|---|---|---|
| ऐमबेट इ यूसॉन | टॉम डेलेउ | वॉटर साँचेज़ |
| महासचिव | महासचिव | महासचिव |
| बी.डब्ल्यू .आई | ई.ऍफ़.बी.डब्ल्यू.डब्ल्यू | इंडस्ट्रीऑल ग्लोबल यूनियन |